Wisconsin Medicaid सदस्यों

# अपने स्वास्थ्य लाभ बनाए रखें

(Wisconsin Medicaid Members
**Keep Your Health Benefits)**

यदि आपको Wisconsin स्वास्थ्य देखभाल लाभ (जैसे BadgerCare Plus, Medicaid, या MAPP) मिलते हैं, तो आपको **वर्ष में एक बार अपना नामांकन नवीनीकृत करा लेना चाहिए।**

## नवीनीकरण के समय क्या अपेक्षा करें

1 हम आपके नवीनीकरण माह से लगभग दो सप्ताह पहले आपको एक पैकेट भेजेंगे। उदाहरण के लिए, यदि आपका नवीनीकरण अक्टूबर में होने वाला है, तो हम आपको सितंबर के मध्य में एक नोटिस भेजेंगे। कवरेज में अंतराल से बचने के लिए अपना पैकेट मिलते ही नवीनीकरण करा लें।

2 आपको हमारी फ़ाइल में मौजूद जानकारी को अद्यतन करने की आवश्यकता हो सकती है। इसमें आपके परिवार, आय और बीमा के विवरण शामिल हो सकते हैं। आपसे सबूत बाद में जमा करने के लिए कहा जा सकता है।

3 आपकी स्थानीय एजेंसी आपके नवीनीकरण की समीक्षा करेगी और यदि उन्हें अधिक जानकारी की आवश्यकता होगी तो फॉलो अप करेगी। तब, आपको एक पत्र मिलेगा जिसमें अगर आपके लाभों में बदलाव हो रहे हैं तो आपको उनके बारे में बताया जाएगा।

## आपका नवीनीकरण पूरा करना

- नवीनीकरण का सबसे तेज़ तरीका आपके ACCESS खाते के माध्यम से ऑनलाइन कराना है। **access.wi.gov** पर लॉग इन करें या एक खाता बनाएं।
- मेल द्वारा नवीनीकरण कराने के लिए, अपना नवीनीकरण पैकेट भरें और वापस भेज दें।
- आप अपनी स्थानीय एजेंसी के माध्यम से फ़ोन द्वारा या व्यक्तिगत रूप से भी नवीनीकरण करा सकते हैं। **dhs.wi.gov/im-agency** पर अपनी एजेंसी ढूँढें।
- अधिक जानकारी के लिए **dhs.wi.gov/renew** पर जाएं।

अगर आप अपना नवीनीकरण समय पर पूरा नहीं करते हैं, तो आपके लाभ समाप्त हो जाएंगे। आपका नवीनीकरण पूरा करने या अन्य लाभ प्राप्त करने के बारे में निःशुल्क, विशेषज्ञ सहायता **WisCovered.com** पर उपलब्ध है। या, एक स्थानीय नेविगेटर ढूंढने के लिए **211** पर कॉल करें।

P-10049HI (06/2024)

# नवीनीकरण से संबंधित प्रश्न और उत्तर

## नवीनीकरण क्या है?

जब आपने लाभों के लिए पहली बार आवेदन किया था, तो आपने राज्य को अपने परिवार, आय और बीमा जैसी चीज़ों का विवरण दिया था। यह पता करने के लिए कि आप अपने लाभ जारी रह सकते हैं या नहीं, आपको उस जानकारी को हर साल अद्यतन करना होगा। इस प्रक्रिया को नवीनीकरण कहा जाता है।

## मुझे नवीनीकरण कब कराना होगा?

आपके प्रत्येक लाभ कार्यक्रम के नवीनीकरण हेतु आपके लिए एक तिथि निर्धारित की गई है। हम उन्हें व्यवस्थित रखने की अपनी पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन हो सकता है कि वे समान न हों। आप अपने ACCESS अकाउंट में अपनी देय तिथियाँ देख सकते हैं। **access.wi.gov** पर लॉग इन करें या MyACCESS ऐप का उपयोग करें। यदि आपका कोई अकाउंट नहीं है, तो किसी भी समय कहीं भी अपने लाभ प्रबंधित करने के लिए **access.wi.gov** पर एक अकाउंट बनाएँ।

अपने फ़ोन कैमरा से

मुझे स्कैन करें

## आगे क्या होगा?

आपके नवीनीकरण महीने से लगभग दो सप्ताह पहले, हम डाक द्वारा आपको एक पैकेट भेजेंगे। इसमें आपको बताया जाएगा कि आपको किस जानकारी की पुष्टि या अपडेट करने की आवश्यकता है ताकि हमें पता चल सके कि आप अपने कार्यक्रम के लिए अभी भी योग्य हैं या नहीं। पैकेट का एक डिजिटल संस्करण आपके ACCESS खाते में भी उपलब्ध होगा।

## यदि मुझे नहीं लगता कि मैं योग्य हूँ, तो मुझे नवीनीकरण क्यों करवाना चाहिए?

हम सुझाव देते हैं कि आप अपने नवीनीकरण को पूरा करें और हमें आपकी पात्रता निर्धारित करने दें। इस प्रक्रिया को पूरा करने के कई अच्छे कारण हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपके बच्चे हैं, तो आपके योग्य न होने पर भी आपके बच्चों को लाभ मिल सकते हैं।

## अगर मैं समय पर नवीनीकरण नहीं कराऊँ तो क्या होगा?

कुछ स्थितियों में, आप अपने नवीनीकरण माह के तीन महीने बाद तक देर से नवीनीकरण करा सकते हैं। यह संभव है या नहीं यह जानने के लिए अपनी स्थानीय एजेंसी से संपर्क करें। यदि नहीं, तो अन्य कवरेज ढूंढने में सहायता पाने के लिए **211** पर कॉल करें या **WisCovered.com** पर जाएं।

## मुझे और क्या जानना चाहिए?

चिकित्सा देखभाल में देरी न करें! जब तक आपको लाभ मिलता रहेगा, तब तक आप उनका उपयोग देखभाल पाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, BadgerCare Plus के साथ, आप वैक्सीन, मेडीकल जाँच, और प्रिसक्रिप्शन रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। आप मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का भी उपयोग कर सकते हैं।